पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

डॉ० सुनील कुमार जैन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष का कार्य देखेंगे
पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु तीन माह में प्रक्रिया पूर्ण कर नाम प्रस्तावित किया जाए - राज्यपाल

लखनऊ 7 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने डॉ० सुनील कुमार जैन सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को तीन माह या नियमित अध्यक्ष की नियुक्ति जो भी पहले हो, तक की अवधि के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

राज्यपाल ने राज्य सरकार से यह भी अपेक्षा की है कि तीन माह के अंदर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्ण कालिक अध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उचित व्यक्ति के नाम का प्रस्ताव भेजा जाय।